# अध्याय -6 | मंगलेश डबराल

## QUIZ-01

1. मुख्य गायक की कैसी आवाज को बल देकर संगतकार सहयोग देते हैं?
A. कर्कश
B. मधुर
C. टूटती-बिखरती
D. इनमें से कोई नहीं (C)
*व्याख्या :* संगतकार टूटती-बिखरती आवाज में भी मुख्य गायक का साथ देकर उसका उत्साह बढ़ाता है।

2. . संगतकार किन क्षेत्रों में पाए जा सकते हैं?
A. राजनीति के क्षेत्र में
B. संगीत के क्षेत्र में
C. नाटक के क्षेत्र में
` D. उपरोक्त सभी (D)
*व्याख्या :* कविता में बताया गया है कि संगतकार सिर्फ संगीत तक सीमित नहीं होते, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी होते हैं।

3. 'सरगम' शब्द का क्या अर्थ है?
A. वाद्य यंत्र
B. दुख
C. उपरोक्त में से कोई नहीं
D. संगीत के सात स्वर (D)
*व्याख्या :* सरगम का अर्थ है संगीत के सात स्वर – सा, रे, गा, मा, पा, धा, नि।

4. मुख्य गायक को धीरज बँधाने का काम प्रायः कौन करता है?
A. संगतकार B. उसकी माँ
C. श्रोता D. इनमें से कोई नहीं (A)
*व्याख्या :* जब मुख्य गायक असहज होता है, तो संगतकार उसके स्वर को संभालता है और उसे धीरज देता है।

5. 'जटिल' शब्द का अर्थ है?
A. जटा
B. कठिन
C. कठोर
D. उपरोक्त में से कोई नहीं (B)
*व्याख्या :* 'जटिल' का अर्थ होता है कठिन या उलझा हुआ।

6. 'मंगलेश डबराल' का जन्म कब हुआ था?
A. 1900 B. 1948
C. 1850 D. उपरोक्त में से कोई नहीं (B)
*व्याख्या :* मंगलेश डबराल का जन्म 1948 में हुआ था।

7. कवि संगतकार द्वारा अपने स्वर को मुख्य गायक के स्वर से कम रखने को क्या मानता है?
A. मनुष्यता
B. ईमानदारी
C. चालाकी
D. समझदारी (A)
*व्याख्या :* कवि इसे मनुष्यता की भावना से जोड़ता है, क्योंकि यह सहयोग और विनम्रता का प्रतीक है।

8. किसकी आवाज में हिचक सुनाई देती है?
A. संगतकार के
B. अभिनेता के
C. मुख्य गायक के
D. इनमें से कोई नहीं (A)
*व्याख्या :* हिचक संगतकार की आवाज़ में रहती है,कहीं उसकी आवाज़ मुख्य गायक से ऊपर ना हो जाये।

9. संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है?
A. उसकी गायन-शक्ति बढ़ाने के लिए
B. उससे सीखने के लिए
C. इनमें से कोई नहीं
D. उससे आगे बढ़ने के लिए (A)
*व्याख्या :* संगतकार का उद्देश्य मुख्य गायक को सहयोग देना और उसकी प्रस्तुति को प्रभावी बनाना है।

10. संगतकार' नामक कविता के कवि कौन हैं?
A. सुमित्रानंदन पंत
B. जयशंकर प्रसाद
C. मंगलेश डबराल
D. उपरोक्त में से कोई नहीं (C)
*व्याख्या :* 'संगतकार' कविता के रचनाकार मंगलेश डबराल हैं, जो समकालीन हिंदी कविता के प्रमुख कवि हैं।